**Need to establish an AIIMS in Baghpat Parliamentary Constituency-laid**

**डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) :** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बागपत की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जहाँ स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत गंभीर है । हमारे क्षेत्र के नागरिकों को उचित और समय पर चिकित्सा सुविधाएँ प्राप्त नहीं हो पा रही हैं । यहाँ तक कि मामूली बीमारियों के लिए भी लोगों को मेरठ, दिल्ली जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है । इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व में भी कई सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है । बागपत में विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की कमी के कारण जनता को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए स्थिति और भी अधिक विकट है । ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ बेहद दयनीय हैं, और सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है । इसलिए, मैं पुनः सरकार से आग्रह करता हूँ कि बागपत में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए अविलंब आवश्यक कदम उठाए जाएँ । विशेष रूप से, हमारे क्षेत्र में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) की स्थापना की जाए । AIIMS जैसी प्रतिष्ठित संस्था का होना न केवल हमारे क्षेत्र के नागरिकों को उत्तम चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करेगा, बल्कि आसपास के जिलों के लिए भी एक वरदान सिद्ध होगा । इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेगे और क्षेत्र का समग्र विकास होगा । मैं आशा करता हूँ कि सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्रता से विचार करेगी और बागपत के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाएगी ।